वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

वार्षिक रिपोर्ट
2016 - 2017

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
पोत परिवहन मंत्रालय
मुख्यालय : ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301 जिला– गौतमबुद्धनगर (उ0 प्र0)
दूरभाष सं0 : 0120–2544036, 2543972 (फैक्स सं0 0120–2543973, 2521764
ई–मेल : iwainoi@nic.in,वेबसाइट:www.iwai.nic.in

प्राधिकरण के सदस्य (2016–17 के दौरान)

		दूरभाष सं.	फैक्स सं.
अध्यक्ष	**श्री अमिताभ वर्मा,** भा. प्र. से. (04.09.2013 से 06.03.2017 तक)	0120–2543972	0120–2543973
अध्यक्ष	**श्रीमती नूतन गुहा बिश्वास, भा.प्र.से.** (07.03.2017 से अब तक)		
सदस्य	**श्री संजीव रंजन,** अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं पोत परिवहन मंत्रालय (31.08.2015 से अब तक)	011–23710140	011–23715195
सदस्य	**श्री एम. टी. कृष्णा बाबू, भा.प्र.से.** अध्यक्ष, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, कोलकाता (23.03.2016 से अब तक)	033–22205370	033–22208226
सदस्य	**श्री प्रवीर पाण्डेय,** भा.ले.प. एवं ले.से. सदस्य (वित्त), भा. अ.ज.प्रा. (22.02.2016 तक) उपाध्यक्ष, भा. अ.ज.प्रा. (23.02.2016 से अब तक)	0120–2544004	0120–2543976
सदस्य	**श्री रजत सच्चर, भा.आ.से.** सलाहकार, पोत परिवहन मंत्रालय (14.12.2015 से अब तक)	011–23716619	011–23350648
सदस्य	**श्री आलोक रंजन, आई.सी.ए.एस,** सदस्य (वित्त), भाअजप्रा, (01.09.2016 से अब तक)	0120–2544009	0120–2544009
सदस्य	**श्री श्रीकांत महियारिया, आई.आर.टी.एस,** सदस्य (यातायात), भाअजप्रा (07.03.2016 से अब तक)	0120–2543994	0120–2543982
सदस्य	**श्री एस. के. गंगवार,** सदस्य (तकनीकी), भाअजप्रा (31.01.2017 से अब तक)	0120–2521664	0120–2544041

अन्य विवरण

		दूरभाष सं.
सचिव	**श्री शशि भूषण शुक्ल, भा.रा.से.**	0120–2544036
अंकेक्षक	**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक**	011–23235793
बैंकर्स	**सिंडीकेट बैंक** परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001	011–23717573
	सिंडीकेट बैंक सैक्टर–18, नौएडा–201301	0120–2514381
	केनरा बैंक सैक्टर–1, नौएडा–201301	0120–2529163
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सैक्टर–2, नौएडा–201 301	0120–2511426

क्षेत्रीय कार्यालय

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट, पोस्ट– गुलजारबाग, पटना–800007 (बिहार)	0612–2310026 0612–2310057 0612–2310028 0612–2310067 0612–2630100 (टर्मिनल)	0612–2310029
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पी–78, गार्डन रीच रोड, कोलकाता– 700043(पश्चिम बंगाल)	033–24390393 033–24395577 033–24396055	033–24395570 033–24391710
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पांडु पोर्ट काम्प्लैक्स, पांडु, गुवाहाटी– 781012 (असम)	0361–2570109 0361–2676925 0361–2676927 0361–2676929	0361–2570099 0361–2570055
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय जलमार्ग रोड, एन0 एच0 47 बाइपास, कन्नाडिकाडू मरदू, एर्नाकुलम – 682304 (केरल)	0484–2295064 0484–2389804	0484–2389445

उप–कार्यालय / ईकाई

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 360 / एफ / 44, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद– 211 006 (उ0 प्र0)	0532–2561151 0532–2560537	0532–2561152
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 52, द्वितीय तल, पटेल नगर, नदेसर, वाराणसी – 221 002 (उ0 प्र0)	0542–2505329	0542–2505329
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण कमरा नं0– 309, द्वितीय तल, नया एसडीओ कार्यालय, सक्रोगढ़, साहिबगंज–816109 (झारखंड)	07544006484	–
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ऑफिस बिल्डिंग संख्या–1, एफबीपी ऑफिस काम्प्लैक्स, पी0 ओ0– फरक्का बैरेज, जिला–मुर्शिदाबाद–742 212 (पश्चिम बंगाल)	03485–255809	03485–255809
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण फकीरतला, पी0 ओ0–महेशगंज, स्वरूपगंज, नादिया –741 315 (पश्चिम बंगाल)	09830508079	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण दुर्गाबाड़ी रोड टिनियाली, ए. टी. रोड, नालियापूल, डिब्रूगढ़ – 786 001 (असम)	0373–2302540	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण धुब्री टर्मिनल, फ्री इंडिया घाट, धुब्री–786 005	0366–2298111	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आई.डब्लू.टी. टर्मिनल सह ऑफिस कॉम्प्लेक्स, आश्रम, नियर ईएसआई हॉस्पीटल, कोल्लम–691 002	0474–2766460	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण परिसर सं.–191, प्रथम तल, वाया बाबा मठ लेन, यूनिट नं. 9, राधे कृष्णा मंदिर के निकट, भुवनेश्वर–751 022 (ओडिशा)	0674–2397334	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आईडब्लूएआई सब ऑफिस, भूतल, ब्लॉक– I, सिंचाई कार्यालय कॉम्प्लेक्स, गवर्नरपेट, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश– 520002	0866–2575123	

विषय सूची

1. अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन (अजप) क्षेत्र– सामान्य सूचना 6
2. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भाअजप्रा) की भूमिका 6
3. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास 7
4. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–1 7
5. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–2 16
6. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–3 21
7. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–4 और 5 25
8. नए 106 राष्ट्रीय जलमार्ग 27
9. पारगमन और व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल 28
10. भारत–म्यांमार कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना 29
11. जलीय सर्वेक्षण कार्यकलाप 32
12. राष्ट्रीय अंतर्देशीय नौवहन संस्थान (निनी), पटना 40
13. वर्ष के दौरान ढुलाई का विवरण एवं अन्य मुख्य बिन्दु 43
14. जलमार्ग विकास परियोजना 49
15. वित्तीय निष्पादन : आय और व्यय 58
16. प्राधिकरण में संघ सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन 60
17. कार्मिक और प्रशासन 60
18. तुलन पत्र 62
19. आय–व्यय लेखा 63
20. प्राप्ति एवं भुगतान लेखें 64
21. तुलन पत्र से संबंधित अनुसूचियां 68
22. स्थायी परिसम्पत्तियों की अनुसूची 70
23. आय एवं व्यय लेखा के भाग को बनाने वाली अनुसूचियां 72

24 वित्तीय विवरणियों के लेखा प्रपत्र एकीकृत भाग के लिये टिप्पणियां 76

25 कार्यालय–वार भूमि का विवरण 89

26 स्थायी परिसम्पत्तियों की अनुसूची 92

27 महत्वपूर्ण लेखा संबंधी नीतियां 100

28 भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट 103

29 भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के लिये प्रबंधन के उत्तर 106

1 अन्तर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र (अ.ज.प.)–सामान्य सूचना

(i) रेलवे, राजमार्ग, सागर और तटीय नौवहन, अन्तर्देशीय जलमार्ग, पाइपलाइन और वायु मार्ग से बना परिवहन क्षेत्र किसी देश के आर्थिक विकास के लिए अहम अवसंरचना है। नौचालनीय जलमार्ग ईंधन–बचत, पर्यावरण के अनुकूल तथा लागत किफायती परिवहन साधन हैं। जल परिवहन सुरक्षित, सस्ता तथा परिवहन का निम्नतर कार्बन छोड़ने वाला साधन भी है। एक विकसित परिवहन प्रणाली, मल्टीमॉडल नेटवर्क में, परिवहन की ईष्टतम लागत को मामला दर मामला आधार पर सभी साधनों की शक्तियों का प्रयोग करते हुए संभव बनाती है। इन गलियारों में, लागत प्रभावी, पर्यानुकूल और ईंधन दक्ष परिवहन साधन विशेषकर बल्क कार्गो, खतरनाक कार्गो और बड़े आकार के कार्गो जैसे तीन श्रेणियों के कार्गो की ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए तुलनात्मक रूप से बड़े आकार के नौचालन चैनल के साथ अन्तर्देशीय जलमार्गों का विकास किया जा सकता है। कुछ विकसित देशों (जैसे अमेरिका, चीन और अनेक यूरोपीय देशों) में अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ.ज.प.) क्षेत्र का हिस्सा भारत की तुलना में काफी अधिक है, जिससे उन देशों की अर्थव्यवस्था में पूरक परिवहन साधन से काफी फायदा हुआ है।

(ii) राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 (2016 की सं. 17), तारीख 26.03.3016 के अधिनियमन जो 12 अप्रैल, 2016 से लागू हुआ था, के माध्यम से सरकार द्वारा अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ.ज.प.) को बड़ी गति प्रदान की गई है। इस अधिनियम ने विद्यमान पांच जलमार्ग सं0 1, 2, 3, 4 और 5 के जलमार्ग अधिनियम को निरस्त कर दिया था तथा आगे 106 नये अन्तर्देशीय जलमार्गों को शामिल किया था, इस प्रकार कुल 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित किया गया था जो देश के 24 राज्यों में फैले हुए 20,375 कि.मी. की कुल लम्बाई को कवर करते हैं। भारत के राष्ट्रीय जलमार्ग देश की जीवन रेखा बनने के लिये अच्छी तरह प्रयासरत है। अंतर्देशीय जल परिवहन (अ.ज.प.) में अत्यधिक दबावग्रस्त रेलवे तथा भीड़ग्रस्त सड़क मार्ग के अनुपूरक बनने की क्षमता है। माल की ढुलाई के अलावा, राष्ट्रीय जलमार्ग वाहनों के आवागमन (इन रोल–ऑन–रोल–ऑफ मोड ऑफ क्रास फैरी) तथा ठहरने एवं मनोरंजन सहित पर्यटन जैसी गतिविधियों से संबंधित सुविधाजनक कार्य प्रदान कर सकते हैं।

(iii) भारत में अ.ज.प. क्षेत्र द्वारा वर्तमान में महसूस की जा रही परेशानियों में क्षीण मौसम के दौरान नदियों में अपर्याप्त मात्रा में बहाव होने के कारण निश्चित आकार के अ.ज.प. जलयानों के वर्ष भर प्रचालन के लिए आवश्यक गहराई और चौड़ाई वाले अपर्याप्त फेयरवे, किनारों के अपरदन के कारण प्रत्येक बाढ़ मौसम के बाद नौचालनीय चैनल का बहाव कार्गो चढ़ाने और उतारने के लिए टर्मिनल अवसंरचना और उनके सड़क/रेल अवसंरचना के साथ सम्बद्धता; दिवस और रात्रि के दौरान सुरक्षित और निर्विघ्न नौचालन हेतु नौचालन सम्बंधी सहायताएं तथा अ.ज.प. जलयानों की कमी शामिल है। भारी मात्रा में अ.ज.प. आवाजाही हासिल करने के लिए अवसंरचना के सृजन (मुख्यतः सार्वजनिक निधिकरण द्वारा) पर मुख्य रूप से जोर देने के साथ–साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से अ.ज.प. बेडे को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

2. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) की भूमिका

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) का गठन भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985 के तहत 27 अक्तूबर, 1986 को नौवहन और नौचालन के उद्देश्य से अन्तर्देशीय जलमार्गों के विकास और विनियमन के लिए किया गया था। भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 की धारा 22 के अनुसार, प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट पूर्व वित्त वर्ष के दौरान इसकी गतिविधियों का पूरा विवरण देते हुए तैयार की जाती है तथा एक प्रति सरकार को प्रस्तुत की जाती है।

इसके अलावा, भा.अ.ज.प्रा. भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल के तहत एक देश के अन्तर्देशीय जलयानों को दूसरे देश होकर पारगमन और व्यापार करने के लिए भारतीय सीमा के विनिर्दिष्ट जलमार्गों का भी विकास और अनुरक्षण कर रहा है तथा म्यांमार में कालादान मल्टीमॉडल परियोजना के विकास और अनुरक्षण में विदेश मंत्रालय का सहयोग कर रहा है।

अ.ज.प. क्षेत्र के समग्र विकास में भा.अ.ज.प्रा. की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए इसे पर्यानुकूल, सस्ता और व्यवहार्य परिवहन साधन के रूप में विकसित होने की पूरी संभावना है, जिससे कि व्यापार, वाणिज्य, रोजगार सृजन, पर्यटन, इत्यादि के माध्यम से समाज के असंख्य लोगों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके।

3. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास

नौवहन और नौचालन के लिए किसी जलमार्ग को व्यवहार्य बनाने हेतु तीन आधारभूत अवसंरचनाएं–(i) निश्चित आकार के अन्तर्देशीय जलयानों के प्रचालन हेतु पर्याप्त गहराई और चौड़ाई के साथ नौचालन चैनल, (ii) दिवस और रात्रि नौचालन के लिए नौचालन संबंधी सहायताएं और (iii) सड़क /रेल सम्बद्धता के साथ माल/यात्री को चढ़ाने और उतारने सहित जलयानों की बर्थिंग मुहैया करने के लिए टर्मिनल।

4. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–1

हल्दिया (सागर) और इलाहाबाद के बीच (1620 कि.मी.) गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली की घोषणा राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.–1) के रूप में 1986 में की गई थी। तब से भा.अ.ज.प्रा. इसकी नाव्यता और विकास में सुधार के लिए तथा भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 (1985 का 82) में दी गई नौचालन सम्बंधी सहायताएं और टर्मिनल की सुविधाओं जैसे अन्य अवसंरचना के अनुरक्षण के लिए जलमार्ग पर विभिन्न प्रकार के विकासात्मक कार्य कर रहा है। वर्ष 2016–17 के दौरान रा.ज.–1 पर विकास और फेयरवे का अनुरक्षण, नौचालन सम्बंधी सहायताएं तथा टर्मिनल की सुविधाओं के लिए कराए गए महत्वपूर्ण कार्य के ब्यौरे निम्न हैं :

4.1 फेयरवे विकास :–

रा.ज.–1 पर सुगम और सुरक्षित नौचालन हेतु लक्षित गहराई और चौड़ाई के साथ फेयरवे का विकास/अनुरक्षण किया जाना है। यह कार्य केवल बंडालिंग और ड्रेजिंग जैसे नदी संरक्षण कार्य कराकर तथा रा.ज.–1 के त्रिवेणी–चुनार खण्ड (1226 कि.मी.) में नौचालन सम्बंधी सहायताएं मुहैया कराकर हासिल किया गया है। हल्दिया और त्रिवेणी के बीच का खण्ड (196 कि.मी.) ज्वारीय है तथा 3.0 मीटर से अधिक की न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) वार्षिक रूप से अनुरक्षित की जाती है। दिवस चैनल मार्किंग के अतिरिक्त भा.अ.ज.प्रा. चुनार–इलाहाबाद खण्ड में वर्तमान में फेयरवे विकास से सम्बंधित कोई कार्य नहीं कर रहा है क्योंकि जल बहाव की गति निम्न होने के कारण इस खण्ड में बंडालिंग का कार्य काफी प्रभावी नहीं होता है। यातायात पर काफी दबाव पड़ने और जलमार्ग की मांग बढ़ने के कारण रा.ज.–1 के निचले खण्डों में वर्तमान में भा.अ.ज.प्रा. के रा.ज.–1 पर सीमित ड्रेजर हैं। कुछ महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्य जो रा.ज.–1 पर प्रगतिपरक है, उसकी सूची निम्न है :

वर्ष 2016–17 के दौरान,रा.ज.–1 के विकास और अनुरक्षण के लिए त्रिवेणी–राजमहल (399 कि.मी.) में 3900 मीटर और राजमहल–चुनार (827 कि.मी.) में 18,300 मीटर बंडालिंग कार्य किए गए। इसके अतिरिक्त, रा.ज.–1 के त्रिवेणी–राजमहल में 1.95 लाख मी^{3} और राजमहल–वाराणसी/चुनार खंड में 3.56 मी^{3} गाद भा.अ.ज.प्रा. के ड्रेजर द्वारा निकाली गई।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर लगाए गए बंडाल

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर ड्रेजिंग का कार्य प्रगति में

रा.ज.–1 के गाजीपुर–वाराणसी खण्ड में गंगा नदी से हार्ड स्ट्रैटा को हटाने का कार्यमार्च, 2017 तक किया गया था तथा अब आगे का कार्य जलमार्ग विकास परियोजना के तहत जारी रहेगा। वर्ष 2016–17 के दौरान रा.ज.–1 के

विभिन्न खण्डों में न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का अनुरक्षण निम्न प्रकार से अनुरक्षित किया गया है :–

(क)	हल्दिया–फरक्का खण्ड	(560 कि0 मी0)	–	2.6 मी0 से 3.0 मी0
(ख)	फरक्का–बाढ़ खण्ड	(400 कि0 मी0)	–	2.1 मी0 से 2.5 मी0
(ग)	बाढ़–गाजीपुर खण्ड	(290 कि0 मी0)	–	1.6 मी0 से 2.0 मी0
(घ)	गाजीपुर–चुनार/इलाहाबाद	(3701 कि0 मी0)	–	1.1 मी0 से 1.5 मी0

* चुनार–इलाहाबाद खण्ड (198 कि.मी.) में किसी प्रकार का नदी संरक्षण कार्य नहीं किया गया।

4.2 कार्गो ढुलाई :

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 होकर सैंड हेड्स (बंगाल की खाड़ी) से फरक्का तक एनटीपीसी के विद्युत संयंत्र हेतु कोयले की ढुलाई नवंबर, 2013 से की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान मैसर्स जिंदल आईटीएफ लि. द्वारा लगभग 1500 एमटी से 2000 एमटी क्षमता के 20 बार्जों के प्रयोग से लगभग 3.71 लाख टन आयातित कोयले की ढुलाई सफलतापूर्वक की गई है।

आयातित कोयले की ढुलाई

रा.ज.–1 होकर एनटीपीसी फरक्का के लिए कोयले की ढुलाई

रा.ज.–1 पर एनटीपीसी फरक्का में कोयले को उतारना

वर्ष 2016–17 के दौरान, राष्ट्रीय जलमार्ग–1 एवं भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्गों पर कुल कार्गो ढुलाई 46.19 लाख टन है जिसमें बड़े आकार के कार्गो (ओडीसी), भारी मात्रा में कार्गो, खाद्यान, फ्लाई एस, आयातित कोयला, उर्वरक, स्टोन चिप्स, रेत तथा भवन सामग्री आदि शामिल है।

रा.ज.–1 पर एनटीपीसी फरक्का में कोयले को उतारना

कार्गो प्रसार पहल के तहत, श्री नितिन गडकरी, माननीय पोत परिवहन मंत्री ने अगस्त, 2016 के दौरान रा.ज. –1 के जरिये वाराणसी से कोलकाता मारूति कारों की ढुलाई के ट्रायल को झंडी दिखाकर प्रारंभ किया था।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के जरिये वाराणसी से कोलकाता को मारुति कारों की ट्रायल ढुलाई

इसके अलावा, रा.ज.–1 पर अगस्त, 2016 के दौरान वाराणसी से बलिया, उत्तर प्रदेश तक स्टोन चिप्स एवं सीमेंट की ढुलाई तथा कोरीगंज (बिहार) से वाराणसी (उ.प्र.) तक अपरिष्कृत रेत की ढुलाई भी की जा चुकी है।

4.3 पर्यटन विकास :

अन्तर्देशीय पर्यटक जलयान– मेसर्स हेरिटेज रिवर क्रूज प्रा. लि. के आरवी बंगाल गंगा, गंगा वोएजर–1 और गंगा वोएजर–2, मेसर्स असम बंगाल नेविगेशन कंपनी प्रा. लि. के एवीएन राजमहल तथा मेसर्स विवादा इन्लैंड वाटरवेज लि. के एमवी परमहंस अनेक वर्षों से पश्चिम बंगाल, झारखण्ड और बिहार राज्य के रा.ज.–1 पर चल रहे हैं। विदेशी पर्यटकों के साथ इन जलयानों का आवागमन वर्ष 2016–17 के दौरान जारी रहा था तथा उन्होंने अपनी ट्रिप्स अनुसूची के अनुसार सफलतापूर्वक पूरी की थी।

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान आरवी बंगाल गंगा

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान एवीएन राजमहल

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान एम.वी. सुकाफा

रा.ज.–1 पर पर्यटक जलयान एमवी परमहंस

प्रकाश पर्व : भाअजप्रा ने जनवरी, 2017 के दौरान श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें जन्म दिवस नामक 'प्रकाश पर्व' के समारोह में भाअजप्रा के रो–रो जलयानों का प्रयोग करके राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर भाअजप्रा, गायघाट जेट्टी से पटना साहिब तक भक्तों को पार उतारने में योगदान किया । राज्य सरकार ने भाअजप्रा के योगदान की सराहना की तथा निदेशक, भाअजप्रा, पटना को 'प्रशस्ति पत्र' प्रदान किया ।

प्रकाश पर्व, पटना में तैनात भाअजप्रा के रो–रो जलयान

4.4 टर्मिनल सुविधाएं :

निम्नतल और उच्चतल जेट्टियाँ पटना (बिहार) में क्रमशः 2008 और 2012 से प्रचालन में हैं, जो इस टर्मिनल पर बंकरिंग और भंडारण सुविधा के साथ यांत्रिक कार्गो हैंडलिंग करने में सक्षम है।

गायघाट, पटना में निम्नतल और उच्चतल जेट्टी का दृश्य

रा.ज.–1 पर पटना टर्मिनल में पर्यटक जलयान में बर्थ किया गया

सामान्य कार्गो की हैंडलिंग के लिए नवंबर, 2013 से जीआर जेट्टी–2, कोलकाता में एक स्थाई टर्मिनल प्रचालन में है।

गोआर जेट्टी–2, कोलकाता में स्थाई टर्मिनल

इसके अलावा, रा.ज.–1 पर फरक्का और पाकुड़ में फरक्का बैरेज प्रोजेक्ट (एफबीपी) की स्थायी जेट्टियां भी विद्यमान हैं, जो ट्रांसपोर्टरों/शिपरों/क्रूज जलयानों के द्वारा प्रयोग में लाये जा रहे हैं।

रा.ज.–1 पर फरक्का में फ्लोटिंग टर्मिनल

इसके आगे, रा.ज.–1 पर हल्दिया–इलाहाबाद खण्ड के बीच 20 स्थलों पर फ्लोटिंग टर्मिनलें प्रचालन में हैं, जिनका उपयोग जलयानों को बर्थिंग देने, लॉजिस्टिक सपोर्ट और उपयोगकर्ताओं द्वारा जहाज पर माल चढ़ाने और उतारने के लिए किया जाता है।

इन 20 फ्लोटिंग टर्मिनलों का स्थान निम्न है :

(I) **पश्चिम बंगाल** में हल्दिया, बज–बज, बीआईएसएएन, बोटेनिकल गार्डेन (कोलकाता), शांतिपुर, स्वरूपगंज, कटवा, हजारद्वारी, डाउनस्ट्रीम (डी/एस) फरक्का और अपस्ट्रीम (यू/एस) फरक्का;

(ii) **झारखण्ड** में राजमहल (मंगलाहाट) और साहिबगंज (समदाघाट) (साहिबगंज) और **बिहार** में बटेश्वरस्थान, भागलपुर, मुंगेर, सिमरिया और बक्सर; और

(iii) **उत्तर प्रदेश** में गाजीपुर/राजघाट, रामनगर (वाराणसी) और इलाहाबाद टर्मिनल।

आवश्यकतानुसार इन फ्लोटिंग टर्मिनलों को रा.ज.–1 पर विभिन्न स्थलों पर पुनःस्थापित किए जा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, भा.अ.ज.प्रा. ने हल्दिया, साहिबगंज और वाराणसी में विश्व बैंक सहायता प्राप्त जलमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत मल्टी–मॉडल टर्मिनल विकसित करने का कार्य चल रहा है। इन परियोजनाओं के विवरण इस रिपोर्ट के पृथक सेक्शन में सम्मलित किये गये हैं।

4.5 नौचालन संबंधी सहायताएं :

वर्ष भर नौचालन की सुविधा देने के लिए हल्दिया से इलाहाबाद तक के पूरे खण्ड पर दिवस चैनल चिन्ह प्रदान किये गए हैं। 24 घंटे नौचालन की सुविधा देने के लिए प्रकाशमान देशी नौका/बांस की संरचना, एम.एस. पोल और ट्रेसल बीकन टावर से बने प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के हल्दिया–बलिया खण्ड (1140 कि.मी.) के बीच रात्रि नौचालन की सुविधाएं भी मुहैया की गई हैं।

दिवस दायां हस्त मार्क

देशी नौका पर प्रकाश

इस्पात पोल पर प्रकाश

बीकन टॉवर पर प्रकाश

भा.अ.ज.प्रा. पाक्षिक तौर पर नियमित रूप से तलस्पर्शी सर्वेक्षण भी करा रहा है तथा प्रचालकों/उपयोगकर्ताओं की जानकारी हेतु नदी सूचनाएं जारी कर रहा है। इसके अलावा, भाअजप्रा प्रचालकों को आवश्यकता के आधार पर पायलटेज प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, जलमार्ग पर 24 घंटे नौचालन की अत्याधुनिक सुविधाएं देने के लिए रा.ज. –1 पर स्वरूपगंज, भागलपुर और पटना में डिफ्रेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) स्टेशन चालू किए गए हैं तथा इनकी सुविधाएं ट्रांसपोर्टरों/शिपरों को दी जा रही है। आगे, वाराणसी में दूसरा डीजीपीएस स्टेशन स्थापित कर दिया गया है तथा शीघ्र प्रचालनीय हो जाएगा।

रा.ज.–1 पर विश्व स्तरीय नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) मुहैया करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना चरणबद्ध ढंग से कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है। रा.ज.–1 के हल्दिया–फरक्का खण्ड के बीच इस परियोजना के प्रथम चरण में 02 नियंत्रण स्टेशन एवं जलयान स्टेशन सहित 7 बेस स्टेशन हैं।

फरक्का में नदी सूचना प्रणाली स्टेशन

फरक्का–पटना प्रखण्ड के बीच 6 बेस स्टेशनों और 1 कंट्रोल स्टेशन से बनी नदी सूचना प्रणाली का चरण–II का कार्यान्वयन स्थापित कर दिया गया है जो शीघ्र ही प्रचालनीय हो जाएगा। पटना–वाराणसी के बीच 4 बेस स्टेशन और 1 कंट्रोल स्टेशन से बनी नदी सूचना प्रणाली का चरण–III में कार्यान्वयन चल रहा है जो वर्ष 2017–18 के दौरान पूरी की जाने हेतु अनुसूचित है।

5. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) –2

धुब्री के निकट सदिया से बांग्लादेश बॉर्डर तक उत्तर–पूर्व क्षेत्र (एनईआर) में बनने वाला रा.ज.–2 ब्रह्मपुत्र नदी (891 कि.मी.) सर्वाधिक महत्वपूर्ण अन्तर्देशीय जलमार्ग है,जो 1988 में राष्ट्रीय जलमार्ग के तौर पर घोषित किया गया था। इस ताकतवर नदी में अनेक नदियां मिलकर इसे मछली के हड्डी की संरचना दी है। फीडर मार्ग के रूप में विकसित होने की संभावना रखने वाले उत्तर–पूर्व क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के करीब 1687 कि.मी. खण्ड को अभिज्ञात किया गया है। रा.ज.–2 भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (1700 कि.मी.) के माध्यम से उत्तर–पूर्व क्षेत्र में वैकल्पिक सम्बद्धता मुहैया करता है। वर्ष 2016–17 के दौरान रा.ज.–2 पर फेयरवे, नौचालन संबंधी सहायताएं और टर्मिनल की सुविधाएं देने के लिए कराए गए महत्वपूर्ण कार्य नीचे इस प्रकार हैं :–

5.1 फेयरवे विकास :

धुब्री–पांडु खण्ड (255 कि.मी.) और पांडु–नीमाति खण्ड (374 कि.मी.) में 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) के साथ 45 मीटर की न्यूनतम चौड़ाई का नाव्य फेयरवे अनुरक्षित किया गया। निमाति–डिब्रूगढ़ खंड में 45 मी. चौड़ाई के साथ 2 मी की न्यूनतम उपलब्ध गहराई एवं डिब्रूगढ़ से ओरियमघाट खंड में 45 मी. की चौड़ाई के साथ 1.5 मी. की न्यूनतम उपलब्ध गहराई वाले फेयरवे को अनुरक्षित किया गया है। इस न्यूनतम उपलब्ध गहराई को अनुरक्षित करने के लिए, वित्त वर्ष के दौरान 54 स्थानों पर 21,000 मीटर बंडाल खड़े किए गए। इसके अतिरिक्त, दो विभागीय सीएसडी,

सीएसडी मंडोवी और सीएसडी ब्राह्मणी का उपयोग करते हुए 08 स्थानों पर 1,44,333 मीटर3 निकर्षण कार्य किया गया था। फेयरवे में गहराई बढ़ाने के लिए एक जलीय सर्वेक्षण ड्रेजर (एच.एस.डी.) एच.एस.डी. धनसीरी को निकर्षण के लिए तैनात किया गया था।

बुड़ाबडी में बहुसंख्यक चैनल हैं जो धुब्री टर्मिनल से जुड़े नौचालनात्मक चैनल को अनुरक्षित करने में कठिनाई प्रदान करता है। इस समस्या से निपटने के लिये बुड़ाबडी में (धुब्री के तहत प्रखंड)में नदी का चैनलीकरण के लिये रू0 21.69 करोड़ की लागत की एक परियोजना जल संसाधन विभाग, असम सरकार के माध्यम से धुब्री टर्मिनल के जरिये नौचालनात्मक चैनल धारा में लाने के लिये कार्य चल रहा है।

बंडाल का प्रारूपी चित्र

सीएसडी मंडोवी द्वारा पांडु में निकर्षण

रा.ज.–2 पर अभिलक्षित गहराई एवं चौड़ाई के साथ फेयरवे

रा.ज.–2 पर कार्गो प्रबन्धन यंत्रों के साथ टर्मिनल



पांडू टर्मिनल पर रोड–रेल लिंकेज

जोगीघोपा में तट रक्षण कार्य

5.2 टर्मिनल :

मल्टीमॉडल नदी पत्तन के विकास के लिए रा.ज.–2 पर पांडु (गुवाहाटी) सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल है। पांडु में चरणबद्ध ढंग से टर्मिनल का विकास करने के लिए एक मास्टर प्लान इसीलिए तैयार किया गया था, जिसका विकास चरणबद्ध ढंग से किया गया। निम्नतल जेट्टी 2009 में चालू किया गया था। कंटेनर सहित यांत्रिक हैंडलिंग सुविधा का प्रचालन वर्ष भर करने के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान 43.85 करोड़ रुपए की लागत पर एक उच्चतल जेट्टी को भी चालू किया गया था।

पांडु पोर्ट को कामख्या रेलवे स्टेशन (गुवाहाटी) से जोड़ने वाली बड़ी रेलवे लाइन का निर्माण एनएफ रेलवे के माध्यम से 16.84 करोड़ रुपए की लागत पर करके एनएफ रेलवे द्वारा वर्ष 2013 में वाणिज्यिक प्रचालन हेतु खोल दिया गया है। बीजी साइडिंग के उपयोग से कार्गो की ढुलाई तीसरी पार्टी द्वारा कराने के लिए भा.अ.ज.प्रा. ने एनएफ रेलवे के साथ उपबंध पर हस्ताक्षर किया है।

धुब्री में सभी सुविधाओं के साथ एक रो–रो टर्मिनल प्रदान किया गया है। इससे जोगीघोपा होकर 220 कि.मी. के घुमावदार सड़क मार्ग से बचने के लिए धुब्री से मेघालय तक (नदी मार्ग द्वारा 29 कि.मी.) सीधी अ.ज.प. सम्बद्धता मुहैया करायी है। सीपीडब्ल्यूडी ने हतसिंगीमरी में कार्य प्रारंभ किया था, हालांकि, हतसिंगीमरी में टर्मिनल के निर्माण के लिए चयनित भूमि के नदी द्वारा करीब–करीब अपरदन हो जाने के कारण वर्तमान परिस्थिति में किसी भी तरह की स्थाई संरचना का निर्माण करना कठिन है। ब्रह्मपुत्र बोर्ड ने इस स्थल पर लगभग 5 कि.मी. के क्षेत्र में तट के बचाव के लिए एक योजना तैयार किया है। हालांकि, इस योजना के कार्यान्वयन और तदुपरांत तटरक्षण के कार्य करने में कुछ समय लगेगा। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए भा.अ.ज.प्रा. ने नदी तट के स्थिर हो जाने तक के लिए हतसिंहीमरी में अस्थाई रो–रो सुविधा विकसित किया है।

धुब्री एवं हतसिंगीमरी के बीच एक अत्याधुनिक रो–रो जलयान (एम जी गोपीनाथ बोरदोलोई) प्रचालन हेतु तैयार है। यह जलयान भार से लदे 08 ट्रकों एवं 100 यात्रियों को एक बार में यात्रा करा सकता है। माननीय पोत परिवहन मंत्री द्वारा 29.01.2017 को गुवाहाटी से इस जलयान को झंडी दिखाकर प्रारंभ किया था।

रा.ज.–2 में रो–रो जलयान गोपीनाथ बोरदोलोई

कार्गो ढुलाई की सुविधा देने के लिए नौ (09) स्थलों –हतसिनगिमरी, जोगीघोपा, तेजपुर, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, बोगीबील/डिब्रूगढ़, सेंगाजन/पनबाड़ी और ओरियमघाट में फ्लोटिंग टर्मिनलें मुहैया और अनुरक्षित किए गए हैं। हतसिनगिमरी, धुब्री, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, डिब्रूगढ़ और ओरियमघाट में टर्मिनलों के निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

जोगीघोपा में 16.47 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 8.93 हेक्टेयर भूमि पानी में बह गयी। निरंतर हो रहे बहाव से आस–पास के बासिंदों को खतरा उत्पन्न हो गया है। भा. अ. ज. प्रा. 27 करोड़ रु. की लागत पर दो चरणों में तटरक्षण संबंधी कार्यों का कार्यान्वयन करके जल संसाधन विभाग, असम सरकार के सहयोग से शेष बचे टर्मिनल भूमि को बचा लिया है।

चरण–I : गाद पूर्व कार्य प्रारंभ करने के लिए जोगीघोपा के नदी चैनल के अपस्ट्रीम में आरसीसी पोरकुपाइन स्क्रीन लगाना।

चरण–II में :बोल्डर,मृदा डोवन बंड के साथ लांचिंग एपरन और तट निर्माण सहित तट संरक्षण कार्य। यह परियोजना नवंबर, 2015 में पूर्ण की गई थी। इस परियोजना से 18.63 एकड़ भूमि का बचाव होगा, जो अन्यथा सदा के लिए समाप्त हो जाएगी। वर्तमान तौर पर, कार्यान्वित कार्यों को सुदृढ़ करने के लिये, रू0 11.80 करोड़ की लागत पर जमा कार्य आधार पर असम सरकार (एनआरडी) के जरिये नवीनीकरण किया गया है।

5.3 नौचालन संबंधी सहायताएं :

संपूर्ण जलमार्ग में दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह लगाए और अनुरक्षित किए गए। धुब्री और सिलघाट (440 किमी.) के बीच रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया करके अनुरक्षित की जा रही है। संपूर्ण जलमार्ग में पाक्षिक/मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण करवाकर अ.ज.प. प्रचालकों को फेयरवे संबंधी सूचना देने के लिए नदी संबंधी सूचनाएं दी गई हैं। इसके अलावा संपूर्ण रा.ज.–2 में डीजीपीएस सम्बद्धता की सुविधा देने के लिए धुब्री, जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ़ में अत्याधुनिक डीजीपीएस स्टेशन चालू किए गए हैं। सिलघाट पर अत्यधिक अपरदन के कारण डीजीपीएस स्टेशन को विश्वनाथ घाट स्थानांतरित कर दिया गया है।

5.4 नदी पर्यटन :

काजीरंगा एवं ओरंग में वन्य जीव अभ्यारण एवं अन्य पर्यटन स्थलों यथा ब्रह्मपुत्र नदी (रा.ज.–2) के तट पर स्थित सुआलकुची, शिवसागर एवं कमलाबाडी की उपस्थिति ने इस शक्तिशाली नदी में नदी पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने में सहायता प्रदान की है। प्रतिवर्ष विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ धुब्री / पांडु एवं नीमाति के मध्य दो पर्यटक जलयान निरंतर यात्राएं कर रही हैं। विपत्ती में पड़े जलयानों को सहायता देने के अलावा नौचालन सम्बंधी सहायता और टर्मिनल की सुविधा सहित उपयुक्त नौचालन सम्बंधी अवसंरचना मुहैया करने की भा.अ.ज.प्रा. की वचनबद्धता से नदी पर्यटन के लिए मजबूत पारिस्थिति तंत्र तैयार हुआ है। यह शक्तिशाली नदी ब्रह्मपुत्र में सफल जलयात्रा करने में प्रतिबिंबित होता है जिसमें प्रचालकों ने वर्ष 2016–17 के दौरान सफलतापूर्वक 34 खेपें पूरे करवाए हैं।

रा.ज.–2 पर क्रूज जलयान

6. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) – 3

कोट्टापुरम एवं कोल्लम (168 कि.मी.), उद्योगमंडल कैनल (23 कि.मी.) एवं चंपाकारा कैनल (14 कि.मी.) के मध्य पश्चिमी तट कैनल से बने रा.ज.–3 को अप्रैल, 2016 के दौरान कोट्टापुरम से उत्तर कोझीकोड़ तक के अन्य 165 कि.मी. तक फैला दिया गया है। वर्ष 2016–17 के दौरान विस्तारित प्रखंड के विकास के लिये द्विस्तरीय डीपीआर की तैयारी पर्याप्त रूप से चल रही थी। रा.ज.–3 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन सम्बंधी सहायता के विकास और अनुरक्षण हेतु वर्ष के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्य के विवरण नीचे हैं :

6.1 फेयरवे विकास :

विनिर्दिष्ट आयामों सहित नौचालन चैनल को विकसित करने के लिये, कायमकुलम कायल में 01 कि.मी. तथा एडप्पल्लीकोटा–कोल्लम प्रखंड में 1.80 कि.मी.लम्बे छिछला स्थान के अलावा सभी प्रखंडों में अब तक अनुमानित 39 लाख निष्कर्शण पूरा किया जा चुका है। 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार, एडप्पल्लीकोटा–कोल्लम प्रखंड में संविदा के जरिये कार्य चल रहा है। कायमकुलम कायल में रा.ज.–3 चैनल से चीन के मछली के जालों को हटाने का कार्य राज्य सरकार द्वारा अभी पूरा किया जाना है। मछली जालों के हटाये जाने के बाद निकर्षण कार्य किया जा सकता है।

रा.ज.–3 में सुरक्षित नौचालन के लिये अपरदन से कैनाल तट का बचाव एक अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि है। भाअजप्रा ने चम्पाकारा और उद्योगमंडल नहरों के अब तक 15.67 कि.मी. कैनाल तट पर तटरक्षण प्रदान किया है। अलापुझा और कोल्लम के बीच कैनाल के संकरे क्षेत्रों में जहां चौड़ा करने का कार्य किया गया था, वहां 31.03.2017 तक 10.83 कि.मी. लंबाई में तटरक्षण किया गया है। ऐसे कार्य चावड़ा में चल रहा है।



रा.ज.–3 के चावड़ा में चौड़ा करने एवं रक्षण कार्यों का चित्र

रा.ज.–3 पर निकर्षण और संकरे कैनालों को चौड़ा करने के कार्य की प्रगति में वर्षों से विलंब अनेक स्थानीय कारणों जैसे–निकर्षित सामग्री का निस्तारण, अतिरिक्त तट रक्षण की मांग, कार्यों में बारंबार रूकावट और स्थानीय लोगों द्वारा मुकदमेबाजी करने और मछुआरों की ओर से उठायी गई आपत्तियों से अनुभव किया गया है। गीली भूमियों के संरक्षण से संबंधित नए विनियमनों इत्यादि के कारण रा.ज. से निकर्शित सामग्री हेतु निस्तारण स्थल की पहचान करना अत्यंत कठिन हो गया है। ऐसी समस्याओं का समाधान करने और काम को आगे बढ़ाने के लिए भाअजप्रा राज्य सरकारों के साथ लगातार विचार–विमर्श कर रहा है, लेकिन अभी तक, निस्तारण स्थलों के आवंटन में होने वाली देरी रा.ज.–3 पर भाअजप्रा की निकर्शण क्षमता के कम उपयोग का पर्याप्त कारण रही है।

रा.ज.–3 पर निकर्षण गतिविधि

6.2 अ.ज.प. टर्मिनल :

8 स्थानों (कोट्टापुरम, अलुवा, मरदु, वैकुम, तनेरमुखम, त्रिकुणापुझा, कायमकुलम और कोल्लम) में कार्गो टर्मिनल बनाए गए हैं। अलाप्पुझा में 01 टर्मिनल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, एवं अग्निशमन विभाग एवं नगर पालिका से अनुमति की प्रतीक्षा हो रही है। परेषकों व परेषितियों की ओर से मुख्य रूप से मोडल शिफ्ट को स्वीकार करने में अरूचि के कारण अब तक ये टर्मिनल आशानुरूप कार्गो की ढुलाई नहीं कर पा रहे हैं। कोट्टापुरम टर्मिनल तक एक नयी तथा चौड़ी पहुंच मार्ग का निर्माण 31.03.2017 तक पर्याप्त रूप से पूरा कर लिया गया था।

रा.ज.–3 पर कार्गो लोडिंग

5.3 रो–रो टर्मिनल्स एवं कार्गो ढुलाई :

कोचीन पत्तन क्षेत्र के अधीन दो रॉल ऑन रॉल ऑफ टर्मिनल पहला बोलगट्टी में और दूसरा विलिंगटन आईलैंड में आईसीटीटी वल्लारपदम से सम्पर्क स्थापित करने के लिए कोचिन पत्तन न्यास के माध्यम से भाअजप्रा द्वारा तैयार किया गया है। इस सुविधा के उपयोग से वल्लारपदम की ओर जाने वाले ट्रकों/ट्रेलरों को कोची शहर की भीड़भाड़ वाले सड़कों होकर गुजरने की जरूरत नहीं होती है। ये टर्मिनल फरवरी, 2011 से प्रचालन में है। 31 मार्च, 2017 के अंत तक कुल 2.50 लाख समतुल्य यूनिट (टीईयू) का परिवहन इन टर्मिनलों के बीच निजी प्रचालक के साथ संविदा पर रो–रो जलयान द्वारा किया गया है। वर्ष के दौरान बार्जेज द्वारा संगठित रूप में रा.ज.–3 पर कुल कार्गो की ढुलाई, टनों के अनुसार, 10.33 लाख टन की गई थी जो मुख्य रूप से सल्फर, फास्फोरिक एसिड, लिक्विफाइड अमोनिया गैस, पीओएल आदि के कंटेनरों के अलावा थी।

5.4 नौचालन संबंधी सहायताएं :

24 घंटे सुरक्षित नौचालन की सुविधा देने के लिए रा.ज.–3 पर भा.अ.ज.प्रा. द्वारा सौर ऊर्जा से प्रकाशमान कुल 312 बोया और 17 बीकन लाईट अनुरक्षित किए गए थे। वर्ष के दौरान आर.ओ. कोच्चि में नौचालन यंत्रों तथा सर्वेक्षण उपकरणों के भंडारण तथा रख–रखाव के लिये एक अलग से भंडार बनाया गया था।

रा.ज.–3 पर नौचालन संबंधी सहायताओं का भंडार का चित्र

5.5 <u>केरल में नये राष्ट्रीय जलमार्ग :</u>

अप्रैल, 2016 के दौरान केरल में निम्नलिखित 03 नये राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किये गये हैं :–

- क) अलपुझा–चंगनशेरी जलमार्ग (रा.ज.–8)– 28 कि.मी.
- ख) अलपुझा–कोट्टयम–अथिरामपुझा जलमार्ग(रा.ज.–9) – 38 कि.मी.
- ग) कोट्टयम–वैयक्कम जलमार्ग (रा.ज.–59)– 28 कि.मी.

उपर्युक्त सभी नये जलमार्ग वर्तमान रा.ज.–3 से सीधे जुड़े हुए हैं। 2016–17 के दौरान उपर्युक्त नये रा.ज. हेतु द्वितीय डीपीआर की तैयारी पर्याप्त रूप से चल रही है। कोट्टयम पोर्ट तथा वैलारपदम आईसीटीटी, कोच्चि के बीच कंटेनरकृत कार्गों के शीघ्र परिवहन हेतु संभावना प्रदान करने के कारण 2017–18 के दौरान रा.ज.–9 को प्राथमिकता के आधार पर विकास के लिये विचार करने का प्रस्ताव है।

5.6 अन्य

जनवरी, 2017 में, क्षेत्रीय कार्यालय भाअजप्रा, कोच्चि को हरित ऊर्जा के उपयोग हेतु भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, शत–प्रतिशत सौर विद्युतयुक्त एलईडी लाइटयुक्त कार्यालय बनाया गया है।

सौर विद्युत प्रणाली तथा आर.ओ. कोच्चि में प्रदर्शन का चित्र

7. राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)–4 और 5

नवम्बर, 2008 में इन जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया। इसके बाद दोनों राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) तैयार की गई। इसके बाद, योजना आयोग की सलाह पर, आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की आर्थिक सलाह के साथ लेनदेन सलाहकार (परामर्शदाता) को नियुक्त कर पीपीपी माध्यम से आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य खंडों का विकास किया गया। तथापि, दोनों जलमार्गों को पीपीपी माध्यम में विकसित करने हेतु व्यवहार्य नहीं पाया गया। अतः एडीबी अथवा विश्व बैंक जैसे बहुपक्षीय संसाधनों द्वारा सकल बजटीय सहायता (जीबीएस)/बाह्य सहायता के माध्यम से दोनों जलमार्गों को विकसित करने का निर्णय लिया गया था।

7.1 राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.–4):

आन्ध्रप्रदेश क्षेत्र में जलमार्ग का विकास करने के लिए, 14 अप्रैल, 2016 को आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया । चरण–। में कृष्णा नदी के विजयवाड़ा से मुक्तयाला (82 कि.मी.) के प्रखंड के विकास के लिये रू0 96.00 करोड़ की एक परियोजना स्वीकृत की गई है। चरण–। के विकास के भाग के तौर पर कृष्णा नदी के मुक्तयाला–हरिश्चंद्रपुर (विजयवाड़ा प्रखंड के तहत) प्रखंड में जटिल छिछले स्थान के निकर्षण करने के लिये संविदा पर हस्ताक्षर किये गये। गोदावरी के काकीनाड़ा से विजयवाड़ा (काकीनाड़ा एवं एलूरू कैनाल) तथा राजामुंद्री से पोलावरम प्रखंड तक सिंचाई कैनालों को चरण–।। में विकसित करने हेतु योजना बनायी गई है। गोदावरी तथा कृष्णा नदी के कोम्मामुर कैनाल, वकिंघम कैनाल तथा शेष प्रखंडों को बाद के चरणों में विकसित किये जाने की योजना है। इसी दौरान, रा.ज.–4 की समूची लम्बाई में नवीनतम आकृतिमूलक स्थितियों का निर्धारण करने के लिये, विस्तृत जलीय विज्ञानीय सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। चरण–। परियोजना के विकास कार्य को कार्यान्वित करने तथा राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित करने के लिये विजयवाड़ा में भाअजप्रा का एक उप–कार्यालय स्थापित किया गया है।

7.2 राष्ट्रीय जलमार्ग(रा.ज. –5) :

1. रा.ज.–5 पर तलचर एवं पारादीप/धामरा के बीच 332 कि.मी. प्रखंड को दो चरणों में विकसित करने के लिये, भाअजप्रा द्वारा ओडिशा सरकार, पारादीप पोर्ट एवं धामरा पोर्ट कंपनी लि0 के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) 30.06.2014 को हस्ताक्षरित किया गया था। पंखपल एवं पारादीप/धामरा के बीच 211 कि.मी. के प्रखंड का चरण–I का विकास पहले से ही चल रहा है। तलचर एवं पंखपल तथा पूर्वी तटीय कैनाल (धामरा–चरबतिया–गैओन्खली) के बीच 131 कि.मी. के प्रखंड को दूसरे चरण में लिया जायेगा । रा.ज.–5 पर चरण–I के विकास हेतु 26.09.2016 को पारादीप पोर्ट के साथ एक अन्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया था जिसमें सभी परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी)सेवा शामिल है।

पोत परिवहन मंत्रालय में भाअजप्रा एवं पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के बीच एमओयू हस्ताक्षर होते हुए

2. पदनीपाल तथा धामरा/पारादीप के बीच प्रखंड के चरण–I के विकास के संबंध में, पर्यावरण, सीआरजेड, वन्य जीव तथा वन अनुमति प्राप्त करने के लिये ईआईए एवं ईएमपी अध्ययन हेतु, मैसर्स चोलमंडलम ने ईआईए अध्ययन रिपोर्ट का प्रारूप प्रस्तुत कर दिया है तथा पूर्वोक्त अनुमति प्राप्त करने का कार्य चल रहा है। आईआईटी गुवाहाटी ने ब्राह्मणी नदी डेल्टा प्रणाली हेतु गणितीय मॉडल पूरा कर दिया है तथा 15 जुलाई, 2016 को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

3. फ्रंट एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (एफईईडी) तथा इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) द्वारा अनुसरित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)की तैयारी के लिये एवं नौचालन लॉक्स सहित 03 बांधों सह बैराजों, एक बांध सह बैराज, नौचालन लॉक सहित दो चैक बांध तथा एक रबड़ बांध के निर्माण हेतु निविदा दस्तावेजों हेतु परामर्शदाता के रूप में मैसर्स ट्रेक्टबैल इंजीनियरिंग प्रा0 लि0 को नियुक्त किया गया है। परामर्श कार्य 14.02.2017 को प्रदान किया गया तथा यह मई, 2018 तक पूरा होने की संभावना है।

8. नए 106 राष्ट्रीय जलमार्ग :

देश में वर्तमान 05 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) सं.– 1,2,3,4 एवं 5 के अतिरिक्त 106 नये राष्ट्रीय जलमार्गों इस प्रकार कुल 111 की सूची के साथ–साथ राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 (2016 की सं. 17) तारीख 26 मार्च, 2016 को भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग–2 तथा खंड–1 में प्रकाशित हुआ था। उनकी अनुमानित लम्बाई सहित सभी रा.ज. की सूची अनुबंध–1 में दी गई है। वर्ष 2016–17 के दौरान पहचाने गये नये राष्ट्रीय जलमार्गों में चरणबद्ध ढंग से, सुरक्षित फेयरवे चैनल प्रदान करने तथा अवसंरचना एवं अवसंरचनाएं सृजित करने के लिये विकासात्मक गतिविधियों को पूरा करने की दिशा में उपाय प्रारंभ किये गये।

भाअजप्रा की गतिविधियों में वृद्धि के कारण, कार्य कई गुना बढ़ गया है। तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रभाग हेतु अतिरिक्त जनशक्ति का प्रस्ताव किया गया। ऐसे अतिरिक्त पदों से स्थिति का सामना करने का प्रस्ताव था। भाअजप्रा की पुनर्संरचना करने, अतिरिक्त पदों का सृजन करने तथा सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिये कार्रवाई प्रारंभ करने की आवश्यकता अनुभव की गई है।

तदनुसार, तात्कालिक आधार पर पुनर्संरचना प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये एक पुनर्संरचना समिति का गठन किया गया है।

8.1 106 नए राष्ट्रीय जलमार्गों की स्थिति :

1. 106 नए राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास के लिए कराए गए प्रारंभिक कार्य के रूप में भा.अ.ज.प्रा. ने उनको तीन श्रेणियों में नीचे इस प्रकार श्रेणीबद्ध किया है :–

(क) श्रेणी– I : 8 जलमार्गों को सर्वाधिक व्यवहार्य मानकर चरण– I में विकास किया जाना है।

1. नदी बराक (रा.ज.–16)
2. नदी गंडक (रा.ज.–37)
3. सुंदरबन (प्रोटोकॉल मार्ग) जलमार्ग (रा.ज.–97),

गोवा के 03 रा.ज.

4. कम्बरजुआ नदी (रा.ज.–27)
5. मंडोवी नदी (रा.ज.–68)
6. जुआरी नदी (रा.ज.–111)
7. अलप्पुझा–कोट्टयम–अथीरामपुझा कैनाल (रा.ज.–09) तथा
8. रूपनारायण नदी (पश्चिम बंगाल) (रा.ज.–86)

तदनुसार, इन जलमार्गों के लिए ईपीसी संविदा कागजात और पर्यावर्णिक अध्ययन तैयार करने के लिए परामर्श सम्बंधी कार्य चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। बराक नदी में फेयरवे विकास कार्य दे दिया गया है।

(ख) श्रेणी– II : 46 रा.ज.– करके जो जलमार्ग तटीय क्षेत्र में है तथा जिनमें कुछ ज्वारीय खण्ड हैं उनको इस श्रेणी में विकास करने पर विचार किया जा रहा है। ऐसे तटीय नदियों और कैनालों की संख्या 60 (सुंदरबन के 14 नदियों को एक जलमार्ग के रूप में विचार किया गया है और पश्चिम तट कैनाल का विस्तार रा.ज.–3 में करने पर विचार किया गया है, इस प्रकार नए जलमार्गों की कुल संख्या 46 हो जाती है) है। भौगोलिक रूप से इन 60 नदियों को 8 क्लस्टर में

विभाजित किया गया है।

(i) सभी नदियों के लिए दो स्तरीय डीपीआर अध्ययन (स्तर–। पर व्यवहार्यता अध्ययन और स्तर–।। व्यवहार्यता के आधार पर डीपीआर अध्ययन) पहले ही कराए गए हैं। भाअजप्रा द्वारा 46 रा. की स्तर–। की व्यवहार्यता रिपोर्ट के परिणाम के आधार पर, 24 रा.ज. हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी का कार्य दे दिया गया है। नवम्बर, 2017 तक डीपीआर को अंतिम रूप दिये जाने की आशा है तथा तद्नुसार, विकास कार्य प्रारंभ किया जाएगा। 02 रा.ज. की डीपीआर तैयार करने का कार्य थाणे नगर निगम तथा नागालैंड सरकार द्वारा ले लिया गया है।

(ग) **श्रेणी–।।।** :52 रा.ज.–शेष जलमार्ग जो दूर–दराज, दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में हैं उन्हें इन श्रेणियों में रखा गया है। इन 52 नदियों/कैनालों (कृष्णा और गोदावरी नदियों को रा.ज.–4 के विस्तार के रूप में शामिल किया गया है, इस प्रकार 106 जलमार्गों की सूची में 52 नए जलमार्ग प्रभावी हैं) को भी विभिन्न क्लस्टरों में उपविभाजित किया गया है। प्रारंभ में केवल व्यवहार्यता अध्ययन इन सभी जलमार्गों के कराने के लिए काम दिए गए हैं। 46 रा.ज. में क्षेत्रीय सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है तथा 02 रा.ज. में कार्य चल रहा है। 04 रा.ज. की सुरक्षा अनुमति की प्रतीक्षा है। 40 जलमार्गों की व्यवहार्यता रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। व्यवहार्यता अध्ययनों के परिणाम के आधार पर, आगे टीईएफ/डीपीआर जैसे अध्ययन बाद में कराये जाएंगे।

9. पारगमन और व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल

भारत और बांग्लादेश के बीच एक अन्तर्देशीय जल पारगमन और व्यापार प्रोटोकॉल है जिसके तहत भारतीय भूमि (कोलकाता) से उत्तर–पूर्व क्षेत्र तक कार्गो के पारगमन के लिए और दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए अपने–अपने जलमार्गों के प्रयोग दोनों देशों की सरकारें परस्पर रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए करने हेतु सहमत हो गई है।
इसमें एक देश में दो स्थानों के बीच मालों की आवाजाही दूसरे देश के भू–भाग से होकर उस देश के कानूनों के अनुसार होगी।

विद्यमान प्रोटोकॉल मार्ग हैं (i) कोलकाता–सिलघाट–कोलकाता; (ii) कोलकाता–करीमगंज–कोलकाता, (iii) राजशाही–धुलिया–राजशाही, (iv) सिलघाट–करीमगंज–सिलघाट। अंतरदेशीय व्यापार हेतु विनिर्दिष्ट पांच पोर्ट ऑफ कॉल भारत में हल्दिया, कोलकाता, पांडु, सिलघाट और करीमगंज में हैं और बांग्लादेश में नारायणगंज, खुलना, मोंगला, सिराजगंज और आशुगंज हैं। यह प्रोटोकॉल 1972 में अस्तित्व में आया और समय–समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। यह प्रोटोकॉल मार्च, 2020 तक वैध हैं। वर्ष 2016–17 के दौरान इस प्रोटोकॉल के तहत कोलकाता/हल्दिया और बांग्लादेश/भारत के उत्तर पूर्व भागों के बीच 25 लाख टन आयात–निर्यात और पारगमन कार्गो की ढुलाई हुई।

भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग

10. भारत–म्यांमार कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना

इस परियोजना का कार्यान्वयन म्यांमार के कालादान नदी एवं सिटवे पत्तन के जरिये उत्तर पूर्व हेतु वैकल्पिक संबद्धता प्रदान करने के लिये किया गया है। इस परियोजना में मिजोरम से पलेतवा (म्यांमार) तक सड़क संबद्धता, तदोपरांत पलेतवा से सिटवे (म्यांमार) तक जलमार्ग संबद्धता एवं सिटवे से भारत में किसी भी पत्तन एवं इसके विलोमतः तटीय संबद्धता संन्निहित है।



कालादान परियोजना

म्यांमार में कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना के पोर्ट एवं अजप घटकों के कार्यान्वयन हेतु, भाअजप्रा विदेश मंत्रालय का परियोजना विकास परामर्शदाता (पीडीसी) है। विदेश मंत्रालय द्वारा परियोजना का प्रारंभ तथा वित्त–पोषण किया जाता है। इस संबंध में विदेश मंत्रालय तथा भाअजप्रा के बीच एक करार 19 मार्च, 2009 को हस्ताक्षरित किया गया था।

मैसर्स एस्सार प्रोजेक्ट्स इंडिया लि. को भा.अ.ज.प्रा. की देखरेख में म्यांमार में कार्यान्वित होने वाले कार्यों के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा मुख्य संविदाकार नियुक्त किया गया है। इस परियोजना के लिए मैसर्स यूआरएस एस्कॉट विल्सन इंडिया प्रा. लि., गुड़गांव को भाअजप्रा का पर्यवेक्षण परामर्शदाता बनाया गया है।

परियोजना के चरण–I का कार्य पूरा हो चुका है तथा कार्य सौंपने की स्थिति में है। चरण–I के कार्य की विशेषताएं निम्नानुसार हैं :–

क. चरण–I के कार्य

1. सिटवे :

- बैकअप सुविधा के लिए भूमि सुधार
- रबरयुक्त डाइक का निर्माण
- पत्तन और अ.ज.प. जेट्टी दोनों के लिए संपर्क जेट्टी
- सिटवे में पोर्ट का निर्माण
- सिटवे में अजप टर्मिनल का निर्माण
- सिटवे पोर्ट में निकर्षण पहुंच चैनल तथा पोर्ट बेसिन
- बैकअप सुविधा ढांचा (डाक खाना, अजप कार्यालय, आच्छादित भंडार, विद्युत एवं जैनरेटर कक्ष, केंटीन/आराम कक्ष आदि) का निर्माण
- पोर्ट जेट्टी में 10 टी लेवल लफिंग क्रेन की स्थापना तथा सिटवे एवं पलेतवा के लिये अन्य कार्गो को संभालने हेतु उपकरणों की आपूर्ति।

2. पलेतवा :

- अजप टर्मिनल
- अजप कार्यालय, आच्छादित भंडार, विद्युत एवं जैनरेटर कक्ष, केंटीन/आराम कक्ष आदि जैसी बैकअप सुविधा कार्य

3. नदी निकर्षण कार्य।

4. 300 टन क्षमता के 06 बार्जेज का निर्माण।

5. नौचालन यंत्रों का संस्थापन।

उपर्युक्त के अलावा, सिटवे एवं पलेतवा में चरण–I के कार्य के तहत कुछ अतिरिक्त कार्य ईपीआईएल को दिया गया है जो प्रगति पर है तथा जिसके अप्रैल, 2018 तक पूरा होने की आशा है।

ख. चरण–II के कार्य

भाअजप्रा चरण–II के कार्य के कार्यान्वयन हेतु भी परियोजना विकास परामर्शदाता है। भाअजप्रा ने तारीख 01 जून, 2016 को इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लि0 (आईपीजीएल) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। चरण–II के कार्यों हेतु आईपीजीएल भाअजप्रा के लिये परामर्शदाता होगी। चरण–II में शामिल कार्य निम्नानुसार हैं :

(i) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को तैयार करने सहित सिटवे/पलेतवा में कंटेनर हैंडलिंग फेसिलिटी का निर्माण– डीपीआर की तैयारी हेतु परामर्शदाता के चयन का कार्य अंतिम दौर में है।

(ii) सिटवे पोर्ट बेसिन क्षेत्र से क्षतिग्रस्त पोत को हटाना : ठेकेदार के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

(iii) 05 वर्ष की अवधि हेतु पूर्ण परियोजना घटकों का प्रचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) : प्रलेखन, टीओआर आदि अंतिम दौर में हैं तथा विदेश मंत्रालय द्वारा म्यांमार सरकार के साथ प्रचालन के साधन को अंतिम रूप देने के लिये चर्चा चल रही है।

भाअजप्रा ने पीडीसी की भूमिका में विदेश मंत्रालय, भारत–यैंगोन दूतावास, पोत परिवहन मंत्रालय, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर), म्यांमार सरकार, परियोजना के कार्यान्वयन हेतु ठेकेदारों तथा परामर्शदाताओं जैसे– सभी संगत हितधारकों के साथ नियमित समन्वय बनाये रखा है।

सिटवे में पोर्ट का निर्माण एवं बैकअप सुविधाएं

पलेतवा में अजप जेट्टी का निर्माण

11. जलीय सर्वेक्षण कार्यकलाप

जलीय सर्वेक्षण मापतोल तथा विशेषताओं का वर्णन करने वाला विज्ञान है जो नौचालन मेरिन निर्माण, निकर्षण, सेंड चार, जलमग्न विनाश तथा अन्य विशेषता सीमांकन तथा संबंधित गतिविधियों को प्रभावित करती है। जलीय सर्वेक्षण निर्णय लेने के लिए रीढ़ की हड्डी साबित होता है, चाहे यह नियोजन और विकासात्मक और अनुरक्षण सम्बंधी गतिविधियों का कार्यान्वयन हो। यह नाविकों/समुद्र का उपयोग करने वालों, सामुद्रिक मानचित्र का प्रकाशन करने वालों, इत्यादि को सूचना मुहैया करता है। साउण्डिंग, शोर लाइन, ज्वार, लहर, नदी संरचना और पानी में डूबे हुए अवरोधों पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाता है, जो कि पूर्व में उल्लिखित गतिविधियों से सम्बद्ध है। जलीय प्रक्रिया के अंतिम स्तर पर सूचना के भीतर जलीय सर्वेक्षण के जरिये संग्रहित कच्चा डाटा से विश्लेषण तथा सुरक्षित नौचालन करने के लिये समुद्र का उपयोग करने वाले लोगों को मदद मिलती है। जलीय पक्ष नाविकों को अतिरिक्त जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग से सम्बंधित पायलट और नौचालन मानचित्र का प्रकाशन भी करता है।

11.1 राष्ट्रीय जलमार्ग –1 (हल्दिया–इलाहाबाद) :

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

कम बरसात के दिनों में पाक्षिक एवं बाढ़ के दौरान मासिक तौर पर विभागीय रूप से तलस्पर्शी (देशान्तरीय) सर्वेक्षण कराए गए थे एवं अजप उपयोगकर्ताओं को नदी सूचनाऐं (हिंदी व अंग्रेजी दोनों में) जारी की गयी थी। एलएडी और नदी सूचना भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है। वर्ष 2016–17 के दौरान कुल 27307 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए।

विस्तृत/निकर्षण सर्वेक्षण :

विभागीय पूर्व/उत्तर बंडालिंग और निकर्षण सर्वेक्षण एवं अन्य सर्वेक्षण 138 स्थानों पर कराए गए थे, जिसका विवरण नीचे है :–

टर्मिनल सर्वेक्षण :

16 विद्यमान टर्मिनलों/प्रस्तावित टर्मिनलों पर टर्मिनल सर्वेक्षण किया गया था।

पैमाइशी सर्वेक्षण :

वर्ष 2016–17 के दौरान भाअजप्रा ने 20 स्थानों पर पैमाइशी सर्वेक्षण आयोजित किये हैं।

इस वर्ष के दौरान रूपनारायण नदी में नौचालनीयता का मूल्यांकन करने के लिये भी एक देशांतरीय सर्वेक्षण आयोजित किया गया था। इसके अतिरिक्त हल्दिया–बैलारी चैनल का भी सर्वेक्षण किया गया था ।

नौचालनात्मक चैनल की पूर्ण चौड़ाई के लिये नदी बैड प्रोफाइल प्राप्त करने हेतु बहुल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिये पटना–मुंगेर प्रखंड में मल्टी बीम इको साउंडर का प्रयोग करते हुए मासिक विस्तृत सर्वेक्षण आयोजित किया गया है।

रा.ज.–1 में विभिन्न सर्वेक्षण गतिविधियों को चित्रित करने वाला ग्राफ निम्नानुसार दर्शाया गया है :

रा.ज.–1 की सर्वेक्षण गतिविधियां



	इलाहाबाद चुनार	गाजीपुर चुनार	गाजीपुर पटना	पटना मुंगेर	मुंगेर राजमहल	राजमहल फरक्का	ब्रह्मपुत्र फरक्का	फरक्का राजमहल	त्रिवेणी बेहरामपुर
तलस्पर्शी सर्वेक्षण	21	21	21	21	21	20	20	20	20
विस्तृत सर्वेक्षण	1	12	3	53	17	4	8	4	36
टर्मिनल सर्वेक्षण	1	4	4	1	2	1	1	1	1
पैमाइशी सर्वेक्षण					2				18

11.2 भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (सुंदरबन)

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सिल्वर ट्री प्वाईंट से बेहारीखल (बांग्लादेश बॉर्डर) तक मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। कुल 2,412 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराकर नदी संबंधी सूचनाएं भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। इसके अलावा, भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (सुंदरबन) में 03 विस्तृत सर्वेक्षण भी आयोजित किये गये थे।

सुंदर बन प्रोटोकॉल मार्ग में विभिन्न सर्वेक्षण गतिविधियों को चित्रित करने वाला ग्राफ निम्नानुसार दर्शाया गया है :



11.3 राष्ट्रीय जलमार्ग –2 (ब्रह्मपुत्र नदी)

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

कम वर्षा के मौसम के दौरान विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण पाक्षिक रूप से बाढ़ के मौसम के दौरान मासिक रूप से कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए।वर्ष 2016–17 के दौरान कुल 15,480 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए थे।

विस्तृत सर्वेक्षण

आर.सी. कार्यों को करने तथा सुचारू नौचालन सुनिश्चित करने के लिये विभागीय पूर्व और उत्तर बंडलिंग, ड्रेजिंग सर्वेक्षण, टर्मिनल और क्रॉस सेक्शन सर्वेक्षण 131 छिछले स्थानों पर कराए गए।

टर्मिनल सर्वेक्षण

वर्ष 2016–17 के दौरान वर्तमान/प्रस्तावित टर्मिनलों के स्थलों पर 07 टर्मिनल सर्वेक्षण आयोजित किये गये थे।

अन्य सर्वेक्षण

अप्रैल, 2016 के दौरान चेलाखुरा प्रखंड से बुडाबुडी के बीच 08 कि.मी. लम्बाई के लिये बैंक से बैंक सर्वेक्षण किये गये थे।

रा.ज.–2 में विभिन्न सर्वेक्षण गतिविधियों को चित्रित करने वाला ग्राफ निम्नानुसार दर्शाया गया है :



11.4 डीजीपीएस आधारित नौचालन प्रणाली :

भअजप्रा ने रा.ज.–1 और 2 में विश्वसनीय और सुरक्षित अंतर्देशीय नौचालन उपायों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए डीजीपीएस (डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) तकनीक के साथ नौचालन प्रारंभ किया है। इस परियोजना के अंतर्गत रा.ज. –1 में डीजीपीएस स्टेशन, स्वरूपगंज, भागलपुर, पटना और वाराणसी तथा रा.ज.–2 में धुब्री, जोगीघोपा और डिब्रूगढ़ में पहले ही स्थापित किये गए और ये कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में, डीजीपीएस संपर्क रा.ज.–1 के 1620 किमी. में से सागर–बक्सर खंड (1124 किमी.) तथा संपूर्ण रा.ज. –2 (891 किमी.) में उपलब्ध है।



डीजीपीएस स्टेशन के कार्य सिद्धांत

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (हल्दिया और इलाहाबाद के बीच गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली) और राष्ट्रीय जलमार्ग–2 (सदिया और धुब्री के बीच ब्रह्मपुत्र नदी) में जलयानों की सफल यात्रा में डीजीपीएस नेटवर्क सुविधा प्रदान कर रहा है। भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्गों में सुरक्षित और प्रभावी नौचालन धुब्री स्थित अतिरिक्त स्टेशन की मदद से किया जा रहा है। इन स्थानों का नियोजन इस तरह से किया गया है कि सब–मीटर में परिशुद्धता के साथ 150 कि.मी. के परिधि क्षेत्र में कवरेज दिया जा सके।

11.5 राष्ट्रीय जलमार्ग रा.ज. –3 (पश्चिम तटीय कैनाल, उद्योगमंडल एवं चम्पाकारा कैनाल)

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण कोट्टापुरम–कोची–कोल्लम खण्ड (उद्योगमंडल और चंपाकारा कैनाल सहित पश्चिम तट कैनाल) में मासिक आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए। वर्ष 2016–17 के दौरान कुल 2706 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए।

विस्तृत सर्वेक्षण

पूर्व और उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण 14 स्थानों पर किये गये थे। वर्श 2016–17 के दौरान 79899.8 मी.^{3} की कुल मात्रा का निकर्षण किया गया था।



11.6 राष्ट्रीय जलमार्ग– 5 (ब्रम्हाणी एवं महानदी डेल्टा के साथ–साथ पूर्वी तटीय कैनाल)

रा.ज.–5 पर तलस्पर्शी सर्वेक्षण

क. सं.	कार्य का वर्णन	लम्बाई (लाइन कि.मी.)
